प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.04.2026/प्रादेशिक समाचार/1800 बजे

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 अप्रैल से हिमाचल प्रदेश के आधिकारिक दौरे पर शिमला पहुंचेंगी। 6 दिवसीय दौरे के दौरान राष्ट्रपति शिमला के निकट छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में ठहरेंगी। राष्ट्रपति का 29 अप्रैल को अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा 30 अप्रैल को राष्ट्रपति चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इसी दिन राष्ट्रपति आरट्रैक शिमला में भी एक कार्यक्रम में भाग लेंगी। राष्ट्रपति का 2 मई को शिमला से दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लोक भवन शिमला में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के बैच 2025 के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को ईमानदारी, समर्पण और जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने सुशासन को मजबूत करने और जन सेवाओं से संबंधित योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में सिविल सेवकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया।

पैंशनर्स बकाया

राज्य सरकार ने एक जनवरी, 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए या सेवा अवधि के दौरान मृत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के ग्रेच्युटी और लीव इनकैशमेंट के शेष 30 प्रतिशत बकाया को तत्काल जारी करने के आदेश दिए हैं।

सुरेश कश्यप

भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने हार के डर से बहाने बना कर नगर निकाय और पंचायती राज चुनाव को टालने की कोशिश की है। आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में पंचायती राज और नगर निकायों के चुनाव पार्टी चिन्ह पर नहीं लड़ना चाहती है। सुरेश कश्यप ने कहा कि अपने साढ़े 3 साल के कार्यकाल में कांग्रेस ने प्रदेश के लोगों को केवल परेशान करने का काम किया है और हज़ारों की संख्या में संस्थान बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि नगर निकाय और पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार निश्चित है।

जैनब चंदेल

प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष जैनब चंदेल ने आरोप लगाया है कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर भाजपा महिलाओं को गुमराह कर रही है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा

कि इसके विरोध में महिला कांग्रेस प्रधानमंत्री को 10 लाख पोस्ट कार्ड भेज कर 5 सौ 43 लोकसभा सीटों के आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग करेगी। जैनब चंदेल ने कहा कि अगर केन्द्र सरकार की मंशा महिलाओं को आरक्षण देना है तो मौजूदा 5 सौ 43 लोकसभा सीटों के आधार पर ही आने वाले लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलना चाहिए।

<u>इंसुलिन पंप</u>

केन्द्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत टाईप वन मधुमेह से पीड़ित बच्चों और 27 वर्ष तक के युवाओं के लिए अत्याधुनिक इंसुलिन पंप निशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। बाज़ार में इस इंसुलिन पंप की कीमत 3 लाख से अधिक है। टांडा मैडिकल कॉलेज के एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर विनय डोगरा ने बताया कि इंसुलिन पंप से मरीज़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और इसका इस्तेमाल बेहद आसान है।

....